## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, सुलतानपुर की अध्यक्षता में आयोजित जनपदीय क्वालिटी एश्योरेन्स समिति/इन्डेम्निटी उपसमिति की बैठक दिनांक 26.08.2017 की कार्यवृत्ति।

**बैठक में उपस्थित सदस्य–**

1. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सुलतानपुर।
2. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, सुलतानपुर।
3. मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय, सुलतानपुर।
4. अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आर0सी0एच0, सुलतानपुर।
5. समस्त अधीक्षक, सामु0स्वा0केन्द्र सुलतानपुर।
6. समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, प्रा0स्वा0के0, सुलतानपुर।
7. डा0 उर्मिला चौधरी, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, जिला महिला चिकित्सालय, सुलतानपुर।
8. जिला कार्यकम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, सुलतानपुर।
9. डिस्ट्रिक कन्सल्टेन्ट, क्वालिटी एश्योरेंस, सुलतानपुर।
10. हास्पिटल क्वालिटी मैनेजर, जिला महिला चिकित्सालय, सुलतानपुर।

**कार्यवाही**

जनपदीय क्वालिटी एश्योरेंस समिति/इन्डेम्निटी उपसमिति की बैठक दिनांक–26.08.2017 को अपरान्ह 4:30 बजे जिला अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई ।

जिलाधिकारी महोदय की अनुमति से बैठक को प्रारम्भ करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकरी महोदय द्वारा समस्त प्रतिभागियों का स्वागत किया गया तदोपरान्त जनपदीय क्वालिटी कन्सल्टैन्ट द्वारा निम्नानुसार बैठक हेतु प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा एवं समीक्षा करते हुए निर्णय लिया गया।

- जनपद स्तरीय क्वालिटी एश्योरेंस सम्बन्धी नीतियों एवं चिकित्सालयों के अधीक्षक, क्वालिटी टीम एवं जनपद स्तरीय क्वालिटी एश्योरेंस यूनिट के सदस्यों का कार्यक्रम सम्बन्धी कार्य एवं दायित्वों के बारे में पुनः अवगत कराया गया।
- चिकित्सा इकाईयों पर बनी कमेटियों के बारे में जनपदीय क्वालिटी कन्सल्टैन्ट द्वारा अवगत कराया गया जिसमें जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी अधीक्षकों एवं प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कमेटियों की समसामयिक बैंठक आयोजित की जाय एवं उनकी कार्यवृत्ति बनाकर क्वालिटी एश्योरेंस सेल को अवगत कराया जाय।
- जनपद स्तर पर कायाकल्प अवार्डयोजना 2017–18 के लिए चिन्हित चिकित्सा इकाईयों का प्रस्तुतीकरण किया गया तथा निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप वित्तीय वर्ष में प्राप्त इन्टरनल एसेसमेंन्ट एवं पीयर एसेसमेंन्ट का स्कोर प्रस्तुत किया गया।
- वित्तीय वर्ष 2017–18 में कायाकल्प एक्सटर्नल एसेसमेंन्ट के लिए नामित चिकित्सा इकाईयों का प्रस्तुतीकरण किया गया।
- निर्धारित कायाकल्प फैसिलिटी चेक लिस्ट के अनुसार चिकित्सालयों पर बनी क्वालिटी टीम द्वारा त्रैमासिक इण्टरनल एसेसमेंट स्कोर, गैप चिन्हित करना तथा गैप सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित करना।
- सभी चिन्हित चिकित्सा इकाइयों के अधीक्षकों द्वारा इकाईयों पर चेक लिस्ट से सम्बन्धित सुधारात्मक कार्यों पर पहल तथा बायोमेडिकल वेस्ट का स्टोरेज एवं निस्तारण किया जाना।

**कायाकल्प आवार्ड योजना का प्रस्तुतीकरण एवं समीक्षा**

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत **'स्वच्छ भारत अभियान'** की दिशा में कायाकल्प अवार्ड योजना के अन्तर्गत चिकित्सालयों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने की अपेक्षा की गयी।
- कायाकल्प अवार्ड योजना के अन्तर्गत थ्रि–टायर एसेसमेंट मूल्यांकन– यदि कोई भी चिहिन्त चिकित्सा इकाई इसमें 70 प्रतिशत् से अधिक स्कोर करता है तो उसका पीयर एसेसमेंट और जो चिकित्सा इकाई पीयर एसेसमेंट में 70 प्रतिशत् स्कोर करते है उनका बाह्य मूल्यांकन में नामित कर अवार्ड के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।
- कायाकल्प अवार्ड योजना के आधारित मानक चिकित्सालयों के छः थिमैटिक एरिया के आधार पर मूल्यांकन कराया जाना है तथा उनमें अपेक्षित सुधार के निर्णय लिये गये।

**चिन्हित चिकित्सालयों का कायाकल्प चेकलिस्ट के आधार पर मूल्यांकन**

- चिकित्सालयों के छः थिमैटिक एरिया का इन्टर्नल एसेसमेंन्ट/पीयर एसेसमेंन्ट स्कोर प्रस्तुत किया गया एवं प्रमुख गैप दूर करने के निर्णय लिये गये।
- चिकित्सालय के रख–रखाव के क्षेत्र में चिन्हित चिकित्सालयों में प्रमुख गैप जैसे कैटल ट्रैप लगवाने, अस्पताल के मुख्य द्वार पर चिकित्सालय का नाम राज्य पॉलिसी के अनुसार लिखा होना एवं प्रकाश सहित होना, मुख्य क्षेत्र का लैण्डस्कैपिंग एवं गार्डनिंग, हर्बल गार्डनिंग, वाहन स्टैण्ड, कन्डमनेशन कक्ष तथा अस्पताल में पब्लिक ट्राफिक इत्यादि विषयों में गैप दूर करने हेतु निर्देशित किया गया।
- जिलाधिकारी महोदय ने जनपदीय क्वालिटी कन्सल्टैन्ट को निर्देशित किया कि जिला पुरुष चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय, एफ0आर0यू0/नान एफ0आर0यू0, सामु0/प्रा0स्वा0केन्द्र 24×7 के अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारियो तथा क्वालिटी टीम द्वारा फैसिलिटी क्वालिटी इम्प्रूवमेंन्ट चेकलिस्ट का उपयोग करते हुए इन्टर्नल एवं पीयर एसेसमेन्ट का स्कोर प्राप्त कर तथा चिन्हित गैप को दूर किये जाने की कार्ययोजना बनाकर अगले त्रैमासिक समीक्षा बैठक में प्रस्तुत करें।
- अस्पताल एवं मरीजों से सम्बन्धित व्यक्तिगत साफ–सफाई एवं स्वच्छता के क्षेत्र में चिकित्सालय के विभिन्न डिपार्टमेंन्ट के फर्नीचर, मरीजों के उपयोग में आने वाले वस्तुओं का आवश्यकतानुसार प्रतिस्थापन किये जाने का निर्देश दिया गया।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी चिकित्सालयों पर उपयोग हो रहे जल का निरीक्षण, पानी के टैंक की सफाई तथा सभी कार्यरत कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण कराया जाये और सभी कर्मचारियों को उनके पद के अनुसार ड्रेस एवं नेम प्लेट की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करायें।
- चिकित्सालय एवं परिसर में पैदा होने वाले बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण की दिशा में कर्मचारियों के सामयिक प्रशिक्षण एवं सालिड, लिक्विड वेस्ट का बी0एम0डब्ल्यू0 2016 नियमों के आधार पर उनका निस्तारण किया जाना सुनिश्चित हो तथा अनुबन्धित एजेंसी द्वारा समय से वेस्ट का निस्तारण न किये जाने पर दण्डात्मक (भुगतान न किये जाने सम्बन्धी) कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
- अस्पताल के बाहर एवं अस्पताल के परिसर में होने वाले संक्रमण की रोकथाम के विषय में मरीजों को विभिन्न आई0ई0सी0 पोस्टर एवं अन्य साधनों के माध्यम् से चिकित्सालय स्तर से सूचना दी जाये एवं कर्मचारियों, स्टाफनर्सो को दिये गये कायाकल्प प्रशिक्षण के अनुरुप कार्य कराना सुनिश्चित करें।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि चिकित्सालय के आन्तरिक निरीक्षण के दौरान आयी कमियों के निराकरण हेतु विशेष केन्द्रीयकरण की आवश्यकता है।

उपरोक्त बिन्दुओं की चर्चा पर अवलोकन करते हुए जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित सी0एम0एस0/एम0ओ0आई0सी0 गैप दूर करने हेतु उपलब्ध बजट का अवलोकन करें एवं सम्बन्धित विषय पर बजट के आधार पर प्रत्येक माह के गैप क्लोजर की कार्ययोजना बनाकर निश्चित अवधि में प्रस्तुत करें एवं उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

उपलब्ध/निर्धारित चेकलिस्ट के आधार पर निरीक्षण करें एवं गैप क्लोजर की रिपोर्ट कमेटी की बैठक में प्रस्तुत करें जिससे सुधारात्मक कार्यवाही की जा सके।

**क्वालिटी एश्योरेंन्स सेल के भ्रमण के सम्बन्ध में**

- समिति की बैठक में जैसा कि इसका उद्देश्य भी है कि क्यू0ए0सेल के सदस्यों (मुख्य चिकत्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जनपदीय क्वालिटी कन्सल्टैन्ट) के द्वारा चिन्हित चिकित्सा इकाइयों का निरीक्षण किया जाये एवं वहां होने वाले प्रमुख गतिविधियों का निर्धारित चेकलिस्ट के आधार पर गैप क्लोजर की रिपोर्ट बनाकर कमेटी की बैठक में प्रस्तुत करें जिससे सुधारात्मक कार्यवाही की जा सके।
- जनपद क्वालिटी एश्योरेंन्स समिति की बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा सन्तोष व्यक्त करते हुए समस्त अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का नवीन कार्यक्रम है इसमें सभी लोग अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए इसे पूरे मनोयोग से सफल बनायें।

बैठक के अन्त में मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय द्वारा बैठक में दिये गये निर्देशों का पालन करने हेतु निर्देश दिया गया तथा समस्त प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की गयी।

| | | |
|---|---|---|
| मुख्य चिकित्सा अधिकारी<br>सुलतानपुर | 05/09/17<br>मुख्य विकास अधिकारी<br>सुलतानपुर | 15/9/17<br>जिलाधिकारी<br>सुलतानपुर |

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सुलतानपुर

पत्रांकः मु0चि0अ0/डी0क्यू0ए0सी0/2017–18/ दिनांक /09/2017

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 लखनऊ।
2. महाप्रबन्धक, क्वालिटी एश्योरेंन्स एन0एच0एम0 लखनऊ।
3. जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति सुलतानपुर।
4. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण फैजाबाद मण्डल फैजाबाद।
5. मण्डलीय क्वालिटी कन्सल्टेंट फैजाबाद मण्डल फैजाबाद।
6. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, सुलतानपुर।
7. मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय, सुलतानपुर।
8. समस्त अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सामु0/प्रा0स्वा0केन्द्र जनपद सुलतानपुर।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
सुलतानपुर।